दैनिक जागरण 14/01/2026

जीएमएन कालेज में लोहड़ी पर शामिल स्टाफ व विद्यार्थी डांस करते हुए। • विज्ञप्ति

जीएमएन कालेज में मनी लोहड़ी

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में लोहड़ी का पर्व मनाया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आपसी भाईचारे तथा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का सशक्त प्रतीक है। इस दौरान लोगों ने लोहड़ी के पारंपरिक गीत गाए और जलती लोहड़ी में तिल, रेवड़ी और मूंगफली अर्पित कर पर्व मनाया। इस अवसर पर जीएमएन कालेज आफ नर्सिंग के प्राचार्य डा. रामलखन माली सहित विद्यार्थी व कालेज स्टाफ मौजूद रहा।